

# 4

# 10 बनाएँ

## बिंदुओं वाला कीड़ा



क्या आपने कभी ऐसा कीड़ा देखा है? इसके शरीर पर बहुत सारे बिंदु होते हैं। क्या आपने कभी इन बिंदुओं को ध्यान से देखा है?

**कीड़े पर बिंदुओं की संख्या को लिखिए।**











आइए कुछ वस्तुओं, जैसे— इमली के बीज, कंकड़, बटन, बिंदी इत्यादि से कुछ डिजाइन बनाएँ एवं प्रत्येक डिजाइन में बिंदुओं की संख्या बताइए।



© NCERT not to be republished


**लाल** बिंदियों के लगाने से बनी संख्या को पहचानिए और लिखिए। ____, ____, ____





## आओ खेलें

मित्र के साथ खेलिए। पासा फेंकिए और उन खानों में रंग भरिए जिनमें उतने ही बिंदु हैं जितने आपके पासे पर आए हैं।



अपना एक रंग चुनकर उसे भरिए।

मेरा रंग ☐

मित्र का रंग ☐



जिस बच्चे के अधिक रंगीन खाने होंगे, वह जीत जाएगा।

बच्चों को बिना गिने संख्याओं की पहचान करने में सहायता के लिए बिंदु फ्लैश कार्ड का उपयोग करें। शिक्षक 1 से 9 तक की संख्याओं के विभिन्न आकार एवं डिजाइन के बिंदुयुक्त पैटर्न के कार्ड बना सकते हैं।



© NCERT not to be republished

# टूटते बटन

गोला बंदर ने अपनी पसंद की 4 बटन वाली कमीज पहनी और वह केले के बाग में पहुँच गया। उसे केले खाना बहुत पसंद था जिस कारण वह खूब सारे केले खा गया। सोचो, अधिक केले खाने से क्या हुआ होगा?

उसका एक बटन टूट गया। लेकिन उसने केले खाने नहीं छोड़े जिससे उसकी कमीज के बटन एक-एक करके टूटते गए।



चार

☐ बटन



तीन

☐ बटन



दो

☐ बटन



एक

☐ बटन



शून्य

0 बटन

अंत में बंदर की कमीज पर रह गए बटनों की संख्या पर चर्चा करें। बच्चों को उनके आस-पास ऐसी वस्तुओं के नाम बताने के लिए कहें जिनकी संख्या शून्य है। उन्हें यह समझने में सहायता करें कि शून्य भी एक, दो, तीन और अन्य संख्याओं की तरह ही एक संख्या है। बच्चों से संतुलित भोजन खाने के लाभ और आवश्यकता से अधिक खाने के नुकसान के विषय में चर्चा करें।





Reprint 2024-25

© NCERT not to be republished

पेड़ की टहनी पर बैठी चिड़ियों की संख्या लिखिए।












## 'शून्य' लिखिए





## सोचो और बताओ

क. आपको रात में कितने सूरज दिखते हैं?

ख. आपको दोपहर में कितने चाँद दिखते हैं?

ठोस वस्तुओं का उपयोग करके उनमें से एक-एक वस्तु बारी-बारी से कम करके शून्य को समझने में सहायता करें। ऐसी स्थितियों पर चर्चा करें जहाँ कोई वस्तु अनुपस्थित हो और उसे शून्य वस्तुएँ कहें, जैसे— कक्षा में शून्य बस हैं। साथ ही शुरुआत में बच्चों को 5 से 0 तक गिनती गिनने और बाद में 9 से 0 तक उल्टी गिनती गिनने के लिए प्रेरित करें।



© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25


# दसवाँ जन्मदिन

आज आस्था का दसवाँ जन्मदिन है। उसके पिता जी ने सबके लिए हलवा बनाया। वह अपने मित्रों के साथ अपना जन्मदिन मना रही है।






मैं 9 साल की थी और अब 1 और साल बाद,
मैं 10 साल की हो गई। 9 और 1 मिलकर 10 होते हैं।



**उसने अपने जन्मदिन पर ______ दीये जलाए।**

**वस्तुओं की संख्या गिनिए और नीचे लिखिए—**







| मोती | लड्डू | रंग | केले | पत्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| ☐ | ☐ | ☐ | ☐ | ☐ |



© NCERT not to be republished


Reprint 2024-25




## आओ करें

गिनिए और 10 रंगीन मोतियों वाली लड़ी बनाइए।


क.



ख.



ग.




घ.




बटनों का चित्र बनाकर दस का एक फ्रेम तैयार कीजिए।


क.




ख.



ग.



घ.





© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

# मज़ेदार पाँच और दस


पैटर्न के अनुसार छड़ी द्वारा बाँटी गई संख्याओं के जोड़े बनाइए।

| | |
|---|---|
|  | 1 और 4 |
|  | __ और __ |
|  | __ और __ |
|  | __ और __ |
|  | __ और __ |



## आओ खेलें











आइए उँगलियों का एक नया खेल खेलें। कोई 3 उँगली दिखाइए। आपके मित्र को 5 बनाने के लिए शेष उँगलियाँ दिखानी हैं।




© NCERT not to be republished

## संख्या 10 के जोड़

आइए, इसी खेल को दोनों हाथों की उँगलियों से खेलें। एक बच्चा कुछ उँगलियाँ दिखाएगा। दूसरे बच्चे को उसकी बंद उँगलियों के बराबर उँगलियाँ दिखानी हैं। पैटर्न के अनुसार संख्याओं के जोड़े बनाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  | = |  |
| 1 | 9 | = | 10 |
|  |  | = |  |
| | | = | |
|  |  | = |  |
| | | = | |
|  |  | = |  |
| | | = | |
|  |  | = |  |
| | | = | |

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25



## आओ खेलें— कार्ड का खेल



**संख्या कार्ड्स (0 से 10 तक के सेट)**

सभी कार्डों को इस तरह रखें कि लिखी हुई संख्या दिखाई न दे। एक बच्चा एक कार्ड उठाता है और इस प्रकार रखता है कि कार्ड पर लिखी संख्या सभी को दिखाई दे। इसी प्रकार दूसरा बच्चा कोई दूसरा कार्ड उठाता है एवं पहले कार्ड की तरह ही रखता है। यदि दोनों कार्डों पर लिखी संख्याओं का जोड़ 10 होता है तो दूसरा बच्चा दोनों कार्डों को रख लेता है। इसके बाद फिर पहले बच्चे की बारी आएगी जो फिर एक कार्ड उठाएगा और खेल ऐसे ही चलता रहेगा।



## 0 से 20 तक गिनती

सिमरन नागपुर में रहती है। वह संतरे रखने में अपने पिताजी की सहायता कर रही है। एक डिब्बे में 10 संतरे आ सकते हैं। आइए, संतरे गिनें।

| | | |
|---|---|---|
|  | 10 | 10 दस |
|  | 10 और 1 | 11 ग्यारह |
|  | 10 और 2 | 12 बारह |







बच्चों को 5 और 10 के संख्या विभाजन याद रखने में सहायता करने के लिए मौखिक कार्य के अवसर दें। उदाहरण के लिए, यदि शिक्षक 2 कहें तो बच्चा 5 के संख्या विभाजन के लिए 3 कहे। इसी प्रकार, यदि शिक्षक 4 कहें तो बच्चा 10 के संख्या विभाजन के लिए 6 कहे। इसके पश्चात बच्चों को 10 से आगे गिनने के लिए कहें। हर संख्या पिछली संख्या से एक अधिक होती है, बच्चों का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करें।



© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25

| | | |
|---|---|---|
|  | 10 और 3 | 13 तेरह |
|  | 10 और 4 | 14 चौदह |
|  | 10 और 5 | 15 पंद्रह |
|  | 10 और 6 | 16 सोलह |
|  | 10 और 7 | 17 सत्रह |
|  | 10 और 8 | 18 अठारह |
|  | 10 और 9 | 19 उन्नीस |
|  | 10 और 10 | 20 बीस |

© NCERT not to be republished

## क्रम में संख्याएँ लिखिए।


| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 14 | | | | | 19 | |
| | | | | | | 17 | | | |
| 11 | | | | | | | | | 20 |
| | | 13 | | | | | 18 | | |
| | | | | 15 | | | | | |
| | 12 | | | | | | | 19 | |

20 तक की गिनती के लिए मूर्त वस्तुओं के दस के समूह एवं इकाइयों का उपयोग करें। शिक्षक, बच्चों को 20 की संख्या तक मुठ्ठीभर बीज या बटन दें। पहले बच्चों से बीजों की संख्या का अनुमान लगाने को कहें। फिर समूह बनाकर गिनने को कहें। बच्चों से बातचीत करें कि किसका अनुमान सटीक या सबसे पास है। बच्चों को अनुमान लगाने और तर्क देने के लिए प्रोत्साहित करें।



© NCERT not to be republished

## गिनिए और लिखिए





**दी गई संख्या के अनुसार दस के फ्रेम में रंग भरिए।**

**14**

**19**

**16**

**खाली स्थानों में क्रम में संख्याएँ लिखिए।**




| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | |
| 8 | | 6 | |
| 9 | | | 12 |
| | 15 | | |
| | | | 20 |

© NCERT not to be republished




Reprint 2024-25

**दस के समूह पर घेरा लगाइए एवं संख्या से मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
|  | 17 |
|  | 16 |
|  | 20 |
|  | 10 |

कुछ बच्चों ने खेलते हुए टॉवर बनाए।



क. सबसे ऊँचे टॉवर पर सही का चिह्न ✓ लगाइए।

ख. कौन-से टॉवर में सबसे अधिक संख्या में डिब्बे लगे हैं? टॉवर में लगे हुए डिब्बों की संख्या लिखिए। _______

ग. कौन-से टॉवर में सबसे कम संख्या में डिब्बे लगे हैं? टॉवर में लगे हुए डिब्बों की संख्या लिखिए। _______

© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25



## आओ करें

**क. सबसे छोटी संख्या पर गोला लगाइए।**

अ. 8, 12, 6      ब. 14, 11, 19

**ख. सबसे बड़ी संख्या पर गोला लगाइए।**

अ. 16, 19, 11      ब. 11, 17, 9

**ग. पंजे के नीचे छिपी संख्या ढूँढ़कर लिखिए।**

| | |
|---|---|
| अ. | ____, 15, 16, ____, 18 |
| ब. | ____, 12, ____, 14, 15 |
| स. | 15, ____, ____, ____, 19 |
| द. | 13, ____, 15, ____, ____ |



**घ. संख्याओं को सबसे बड़ी से सबसे छोटी के क्रम में लिखिए—**

11, 3, 16, 20, 13, 9

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

बच्चों को अपने तरीके से निर्णय लेने दें कि कौन-सी संख्या बड़ी है। उनसे पूछें कि उन्होंने ऐसा निर्णय क्यों लिया है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि 11 में 4 और जोड़ने से 15 बनता है, इसलिए संख्या 15, संख्या 11 से बड़ी होती है। इसी प्रकार 20 तक की संख्याओं में करें।





© NCERT not to be republished



Reprint 2024-25


## ङ.   गिनिए और लिखिए।





अ. डिब्बों की संख्या ☐          ब. सफ़ेद बिंदुओं की संख्या ☐

## च.   1 से 20 तक संख्या बिंदुओं को जोड़िए।




यह पशु है या पक्षी?

☐



### परियोजना कार्य

क.   अपने आस-पास 10 ऐसी वस्तुएँ ढूँढ़िए जो बिंदी के पत्ते जैसे 10 के समूह में हों।

ख.   गत्ते के पुराने डिब्बों, पुराने कार्डों इत्यादि का इस्तेमाल करके 1–20 तक के संख्या कार्ड बनाइए।

शिक्षक बच्चों का अवलोकन करें कि वे समूह की पहचान करते हुए आगे गिनती करते हैं।







© NCERT not to be republished

Reprint 2024-25